प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : अयोध्या में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड हब सेंटर के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को दी जायेगी जमोन।
2. कैबिनेट बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेस वे निर्माण का प्रस्ताव पारित : उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन का भी दी गई स्वीकृति।
3. प्रदेश सरकार ने आगामी कांवड़ यात्रा और त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के किए व्यापक प्रबंध : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा– यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध। आर
4. लखनऊ में कल से शुरू होगा तीन दिवसीय आम महोत्सव : 800 से अधिक प्रजातियों का किया जायेगा प्रदर्शन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को पारित किया गया। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जनपद अयोध्या और आसपास क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर

नेशनल सिक्योरिटी गार्ड–एनएसजी हब सेंटर निर्माण के लिये प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके लिए नजूल की 8 एकड भूमि 99 साल की लीज पर भारत सरकार के गृह विभाग के पक्ष में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बाइट.....

*अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना हेतु जो जमीन है वो कंटोनमेंट अयोध्या क्षेत्र में स्थित है लेकिन है नजूल जमीन उसको हम निन्यानवे साल के जो है वो भारत सरकार के गृह विभाग को देने का अनुमोदन मंत्री परिषद ने दिया है।*

बैठक में जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र जेपी–एनआईसी परियोजना को अब लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंपने के प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। श्रम मंत्री *अनिल राजभर* ने बताया कि कैबिनेट ने रोजगार की दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन का प्रस्ताव पास किया है। उन्होंने कहा कि मिशन के गठन के साथ सरकार देश और विदेश दोनों स्तरों पर युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेगी। बाइट....

*सेवा योजना विभाग ने जो आज उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन का जो प्रस्ताव माननीय परिषद के सामने रखा है। गठन होने के बाद मिशन का देश के अंदर भी और देश के बाहर हम सीधे चयन के माध्यम से अपने बेरोजगारों को हम रोजगार दिलवा सकेंगे उनको सेवायोजित करवा सकेंगे।*

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे

दी गई है। बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेस वे को मंजूरी दे दी गई। साथ ही चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025, उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली 2025 को भी मंजूरी दी गई। वहीं बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने का निर्णय लिया है।

———————

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ में कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी कांवड़ यात्रा और त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा क व्यापक प्रबंध किए हैं। सरकार इन्हें सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*हम हर स्थिति में प्रदेश में कानून व्यवस्था को मेंटेन करेंगे और कांवड़ यात्रा सहित जितने भी धार्मिक कार्यक्रम है, सभी धर्मों का सम्मान करते हुए हर स्थिति में हम सकुशल सभी धार्मिक समारोहों को संपन्न कराने का काम करेंगे।*

———————

केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आज लखनऊ में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आतंकवाद को कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। बाइट......

*आतंकवाद के खिलाफ माननीय प्रधानमंत्री माननीय गृहमंत्री जीरो टॉलरेंस की नीति बना के रखी है और आप देख रहे होंगे की आतंकवाद की लगभग कमर टूट गई है अपनी अंतिम सांसे वामपंथी नक्सलाइज की और कश्मीर का भी ले रहा है तो ये जो सावधानी बरती जा रही है प्रिवेंशन इस अलवेज बेटर थान क्यूर तो कांवड़ यात्रा में जो सावधानी बरती जा रही है वो कांवड़ यात्रियों के हित में और जनहित में कोई बड़ी घटना ना हो जाए वो उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है।*

———————————

प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण और भूमि प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल संसाधन के समुचित संरक्षण, प्रबंधन और विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर वॉटर शेड कमेटी का गठन किया है। सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 परियोजना की गाइड लाइन के अनुसार ग्राम प्रधान को अध्यक्षता में इस कमेटी का गठन किया है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि वॉटर शेड कमेटी का नाम स्थानीय भाषा और पहचान को ध्यान में रखते हुए 'जलागम समिति' कर दिया गया है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव में देशभर से आम उत्पादकों, निर्यातकों और वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने सभी से आम महोत्सव में आने की अपील की। बाइट.....

*आप सबको बड़े आदर के साथ आमंत्रित करता हूं कि सब लोग आएं और इस आम महोत्सव में आम महोत्सव को सफल बनाएं। आम महोत्सव हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार, हमारे विरासत का एक ऐसा सम्मेलन है जिसमें आम की मिठास भी है और राज्य के किसानों की समृद्धि भी इस मिठास के पीछे छुपी हुई है।*

——————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में बीज प्रसंस्करण उद्यमियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और नियमों, शर्तों और सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री शाही ने बताया कि लखनऊ में लगभग 130 एकड़ भूमि पर उत्तर प्रदेश का पहला बीज पार्क स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्क प्रदेश को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा।

——————————

कैलाश मानसरोवर यात्रा पूर्ण कर तीर्थ यात्रियों का प्रथम दल आज वापस कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद पहुंचा। संयुक्त निदेशक धर्मार्थ कार्य विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि तीर्थ यात्रियों को आज श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा अर्पित रुद्राक्ष माला प्रसाद एवं सुगम दर्शन कार्ड भेंट किया गया। बाइट....

*जितने यात्रियों की सूची हमें प्राप्त हुई थी, उन सभी के लिए एक एक माला भगवान को अर्पित रुद्राक्ष माला तथा उसके साथ एक क्यू आर कोड कार्ड जिसमें जो तीर्थ यात्री अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ वर्ष में तीस जून दो हज़ार छब्बीस तक कभी भी एक बार भगवान विश्वेश्वर के विशेष दर्शन प्राप्त कर सकता है। कैलाश मानस भवन गाजियाबाद में उपस्थित हुए और वहाँ पर समारोह पूर्वक जो यात्री वहाँ उपस्थित थे उन्हें दिया गया है।*

——————————

श्री अमरनाथ जी की 38 दिनों की वार्षिक यात्रा आज सुबह दोनों मार्गों दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य

कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से शुरू हो गई। प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने "बम बम भोले" और "बर्फानी बाबा की जय" के जयकारे लगाए।

*बम बम बोले। बम बम बोले। कश्मीर की वादी में, भोलेनाथ की शादी में अमरनाथ में डेरा डाला, भोले तेरा रूप निराला। अमरनाथ में डेरा डाला, बम बम बोले...........।*

————————

मथुरा में 4 जुलाई से 11 जुलाई तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मेले में आने वालों की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नागरिक सुरक्षा कार्यालय में मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

————————

प्रदेश के कई जिलों में हो रही बारिश के चलते प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

(समाप्त)